ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष -23 | अंक - 13 | अक्टूबर -I-2021 | (पाक्षिक) | माउण्ट आबू | Rs. 8.50

सम्मान • कॉमनवेल्थ वोकेशन युनिवर्सिटी के कुलपति द्वारा डायमंड जुबली हॉल में प्रदान की गई डिग्री

राजयोगिनी ब्र.कु. मुन्नी दीदी डॉक्टरेट की डिग्री से सम्मानित

टोंगा के कॉमनवेल्थ वोकेशन युनिवर्सिटी ने दिया सम्मान

शांतिवन। ब्रह्माकुमारीज़ की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. मुन्नी दीदी को डॉक्टरेट की डिग्री से नवाज़ा गया। यह डिग्री टोंगा के कॉमनवेल्थ वोकेशन युनिवर्सिटी द्वारा संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि के 14वें पुण्य स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। इस अवसर पर कॉमनवेल्थ वोकेशन युनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. रिपु रंजन ने कहा कि भारत की संस्कृति महान और उच्च है, जिसे पूरा विश्व अपनाने का प्रयास करता है। ब्रह्माकुमारी संस्थान अपने उच्च और आदर्श मूल्यों के लिए जाना जाता है। राजयोगिनी ब्र.कु. मुन्नी दीदी ने संस्थान की पूर्व प्रमुख के साथ रहकर अपने आपमें मूल्यों की उच्च श्रेणी को प्राप्त किया है। इन्हें सम्मान देना युनिवर्सिटी के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी, संयुक्त प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. संतोष दीदी, अतिरिक्त महासचिव ब्र.कु. बृजमोहन, कार्यकारी सचिव ब्र.कु. मृत्युंजय समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किये।

संस्थान की संयुक्त मुख्य प्रशासिका ब्र.कु. मुन्नी दीदी ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि हमें टोंगा के कॉमनवेल्थ युनिवर्सिटी ने इस मानद उपाधि से नवाज़ा है।

विश्व में एक बेहतर समाज की स्थापना करना ही संस्थान का कार्यः राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी

हमारा कार्य पूरे विश्व में एक बेहतर समाज की स्थापना करना है। यही लक्ष्य लेकर पिछले 85 वर्षों से ये संस्थान प्रयासरत है। इसकी जड़ें पूरे विश्व में फैल गई हैं।

ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा हो रहे...

विशाल स्तर पर समाज उत्थान के कार्य

मुरसान-सादाबाद(उ.प्र.)। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित 'किसान सम्मेलन' में स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. भावना बहन ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान पिछले 85 वर्षों से ईश्वरीय आज्ञा अनुसार भारत को पुनः स्वर्ग बनाने की सेवा का कार्य कर रहा है, लेकिन अब हम सभी को कंधे से कंधा मिलाकर श्रेष्ठ समाज के पुनर्निर्माण में अपना योगदान करना है। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनेश कुशवाह ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों की तपस्या और त्याग से निश्चित ही यह भूमंडल एक दिन स्वर्ग बन जाएगा। पूर्व चेयरमैन गिर्राज किशोर शर्मा ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा विशाल स्तर पर हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है, जो विशेष रूप से सराहनीय है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों में एड.अमर सिंह ताजपुर, दयाल सिंह, बिशन दास, चन्द्रभान सिंह, न.गोपी, मुरसान शाखा एस.बी.आई. के प्रबंधक शंभू दयाल सिंह, रवेन्द्र सिंह ठैनुआ, मोहित चौधरी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा इस अवसर पर नवनिर्वाचित अनेक ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया।

हमारी सोच का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर

इंदौर-म.प्र.। हमारे संपर्क में आने वाली आत्माओं में गुण व विशेषता देखने से हमारी आंतरिक शक्ति बढ़ती है, उस आत्मा को भी हमारे श्रेष्ठ वायब्रेशन पहुंचते हैं। और यदि उसके अवगुण व कमी-कमज़ोरी को मन में रखते हैं, दूसरों के सामने वर्णन करते हैं, व्यवहार में लाते हैं तो हमारी स्वयं की भी आंतरिक शक्ति घटती है और जिसके बारे में गलत सोचते हैं उनकी शक्ति भी कम होती है। हमारे सोच का हमारे शरीर की बीमारी पर सीधा असर होता है। उक्त विचार जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा ब्र.कु. शिवानी दीदी ने ज्ञानशिखर ओमशान्ति भवन द्वारा विशेष चिकित्सकों हेतु 'भावनात्मक प्रतिरक्षा निर्माण' विषय पर आयोजित वेबिनार में व्यक्त किये। दीदी ने कहा कि हरेक व्यक्ति की मनोवृत्ति को बदलकर समाज को बदलने में डॉक्टर्स बहुत अहम भूमिका निभा सकते हैं। नई दिल्ली के वरिष्ठ हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. मोहित गुप्ता ने कहा कि भौतिकता की प्रतिस्पर्धा में मानव अपने अमूल्य स्वास्थ्य को भी गंवा देता है। उन्होंने जीवन में स्थायी परिवर्तन द्वारा चुनौतियों का सामना करने के लिए मन की सुषुप्त शक्तियों को बढ़ाने की विधि बताई। इंदौर ज़ोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. कमला दीदी ने स्वागत करते हुए कोरोना काल में डॉक्टर्स व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा की गई सेवाओं की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। ब्रह्माकुमारीज़ मेडिकल विंग के कार्यकारी सचिव डॉ. बनारसी ने मानसिक शक्ति को बढ़ाने हेतु राजयोग मेडिटेशन सीखने के लिए प्रेरित करते हुए माउण्ट आबू में होने वाले डॉक्टर्स कॉन्फ्रेन्स की जानकारी दी। मौके पर इंदौर ज़ोन की मुख्य क्षेत्रीय समन्वयक ब्र.कु. हेमलता दीदी, आई.एम.ए. इंदौर शाखा के अध्यक्ष डॉ. सतीष जोशी, आई.एम.ए. के सचिव डॉ. साधना सोड़ानी ने शुभ कामनायें दीं। संचालन मेडिकल विंग की ज़ोनल कोऑर्डिनेटर ब्र.कु. उषा बहन ने किया।

ब्रह्माकुमारीज़ के सहयोग से शांतिवन से कोरोना जागरुकता बाइक रैली उदयपुर को रवाना

बाइक रैली दे रही कोरोना जागरुकता का संदेश

समय के साथ इस रैली को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जायेगा और पूरे भारत में इस जागरुकता अभियान के ज़रिए जागरुकता फैलायी जाएगी।

शांतिवन। राष्ट्रीय खेल दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ के सहयोग से संस्थान के शांतिवन से कोरोना जागरुकता को लेकर बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज़ की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. मुन्नी दीदी ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए सावधानी के साथ तन और मन का सर्वांगीण स्वास्थ्य ज़रूरी है। अब स्थितियां धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं लेकिन फिर भी हमें इसमें लापरवाही नहीं बरतनी है। संस्थान की ओर से इसी उद्देश्य को लेकर इस रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर आबू रोड तहसीलदार रामस्वरूप जौहर, संस्थान के मल्टी मीडिया चीफ ब्र.कु. करुणा भाई तथा कार्यकारी सचिव ब्र.कु. मृत्युंजय भाई ने अपने विचार रखे। पंद्रह बाइक में एयर फोर्स के जवान भी शामिल हुए। कार्यक्रम में ब्र.कु. बनारसी लाल शाह, ब्र.कु. मोहन सिंघल, ब्र.कु. जगवीर, ब्र.कु. शिविका, ब्र.कु. कोमल, ब्र.कु. मोहन समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।